पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
———

राज्यपाल ने मलिहाबाद जाकर आम के बाग देखें

लखनऊ : 04 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज सपत्नीक मलिहाबाद स्थित पदमश्री कलीम उल्लाह के आम के बाग देखने गये। राज्यपाल को पदमश्री कलीम उल्लाह ने विभिन्न प्रकार के आम और अमरूद दिखाये। उन्होंने अपने नये—नये प्रयोग की जानकारी भी दी। राज्यपाल को उन्होंने दो किलो वजन का एक आम भी भेंट किया और बताया कि तैयारी के बाद इसका वजन तीन किलो से ऊपर होता है।

उल्लेखनीय है कि पदमश्री करीम उल्लाह ने अपने यहां ग्राफटिंग से ऐसे आम का पेड़ विकसित किया जिसमें अनेक प्रजातियों के आम प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने एक ऐसा भी अमरूद का पौधा विकसित किया है जो रूपरंग में सेब के फल से मिलता—जुलता है। श्री नाईक ने उनके प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि कला को आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

————

अंजुम / रा0 / राजभवन